Need to establish indoor stadium under ?Khelo India Programme? in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan.-laid

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** झुंझुनूं लोकसभा न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे देश में शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है । यहां के युवा प्रारंभ से ही अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं । विशेष रूप से झुंझुनूं लोकसभा के हजारों युवा हर वर्ष भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस बलों में भर्ती होते हैं, जिससे यह जिला एक प्रकार से राष्ट्र की सेवा का अग्रदूत बन चुका है । साथ ही, यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का गौरव बढ़ाया है । प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, लेकिन आधुनिक खेल संरचना का अभाव है । इसलिए मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि युवाओं की इस महत्वपूर्ण मांग के लिए झुंझुनूं लोकसभा की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में "खेलो इंडिया" योजना के तहत आधुनिक इंडोर स्टेडियम की स्थापना की जाए ।